## सरदार कहते हैं..!

"आज हमें ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पंथ का भेद मिटाना होगा।"

"कठिन समय में कायर व्यक्ति बहाना ढूंढते हैं, बहादुर व्यक्ति रास्ता खोजते हैं।"

"प्रत्येक भारतीय को अब भूल जाना चाहिए कि वह राजपूत, सिख या जाट है। उसे याद रखना चाहिए कि वह एक भारतीय है।"


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel


# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 106 | इंदौर, शुक्रवार 31 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# एक नवंबर को उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

## कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को समय-सीमा के पत्रों के निराकरण और अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



बैठक में बताया गया कि एक नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस जिले में उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम लता मंगेशकर सभागृह, राजेंद्र नगर में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। जिले में 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को प्रमुख शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिये गये है कि वे मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम में स्वयं के साथ अपने समस्त विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। अधिकारी-कर्मचारियों की कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति भी ली जाये।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य तथा श्रीमती निशा डामोर, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय हॉस्टल एवं आश्रमों में बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छ वातावरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अभियान चलाकर निरीक्षण किया जाएगा तथा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के हॉस्टल एवं आश्रमों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नागरिकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं औषधि उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मिलावटखोरों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान सतत जारी रहेगा। इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### मिलावटखोरों के विरुद्ध इंदौर में लगातार चल रहे अभियान में फिर बड़ी कार्रवाई

# बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जब्त, प्रभुश्री ट्रेडर्स पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए इंदौर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत इंदौर जिले में फिर बड़ी कार्रवाई की गई है।**



इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अमले द्वारा मिलावट खोर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने इंदौर के पल्हर नगर 60 फीट रोड स्थित एक मकान पर छापा मारा, जहाँ गिरिराज गुप्ता रहते हैं। बताया गया कि वे मल्हारगंज क्षेत्र में प्रभुश्री ट्रेडर्स के नाम से दुकान संचालित करते हैं। निरीक्षण के दौरान मकान से बड़ी मात्रा में वनस्पति तेल, एसेंस और घी बरामद किया गया। साथ ही विभिन्न नामी ब्रांड सांची, अमूल, नोवा और मालवा के रैपर और आउटर कवर भी मिले, जिनका उपयोग उक्त व्यक्ति द्वारा अपने बनाए हुए घी को पैक करने में किया जाता था। मौके से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 6 नमूने (घी, तेल और एसेंस) के लिए हैं। कार्रवाई में कुल 27 डिब्बे वनस्पति, 13 डिब्बे तेल, 3 डिब्बे घी, 5 बोतल एसेंस और लगभग 350 रैपर जब्त किए गए हैं। संबंधित आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान घी निर्माता का परिसर बंद कराया गया। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त परिसर का निरीक्षण किया गया, उक्त स्थान पर घी का निर्माण एवं पैक किया जा रहा था। उक्त परिसर पर सांची, अमूल, नोवा एवं मालवा ब्रांड के नाम से पैकिंग की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान लिए गए विभिन्न ब्रांड के एवं संग्रहित लूज घी के नमूनों को विस्तृत जांच हेतु राज्य का परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। उक्त संस्थान से लगभग 600 लीटर घी, तेल जब्त किया गया है। घटनास्थल पर अमूल, साँची, नोवा और मालवा घी के खाली रैपर मिले हैं। संबंधित विक्रेता द्वारा अनाधिकृत रूप से उन कंपनियों के पैकेट खुद पैक किया जाना प्रतीत होता है। उक्त सभी कंपनियों को भी सूचित किया जा रहा है ताकि संबंधित कंपनियां भी अपने स्तर पर वैधानिक कार्रवाई कर सके। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### दो संस्थानों पर लगाया गया दो लाख रुपए से अधिक का जुर्माना

मिलावटखोरों के विरुद्ध यह अभियान कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दो संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इन पर अपर कलेक्टर श्री पंवार नवजीवन विजय ने दो लाख रुपये से अधिक का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। बताया गया कि मिथ्या छाप खाद्य सामग्री पाये जाने पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 एवं नियम 2011 के अन्तर्गत न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री पंवार नवजीवन विजय द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत संस्थान - द गॉरमेट स्टोर बाय मिस्टर बीन्स (प्रॉप गुजरात गजरा पिनियंस लिमिटेड) साकेत नगर इन्दौर के हर्ब एंड सीड मल्टीग्रेन क्रैकर्स पैक एवं व्होल व्हीट ब्रेड (पैक टू लूज) मिथ्याछाप पाए जाने पर 1 लाख 50 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई। इसी प्रकार मेसर्स श्री गणेश नाश्ता सेंटर 60 फीट रोड एयरपोर्ट इन्दौर पर मावा बर्फी (लूज) एवं श्री गणेश नमकीन (पैक) मिथ्याछाप पाए जाने से इनके विरुद्ध 60 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की गई।

# कैंसर पीड़ित ससुर को छोड़ना पड़ा घर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर के एक हाइप्रोफाइल परिवार के घरेलू विवाद का मामला पुलिस तक पहुंचा है। सास और ससुर ने अपनी बहू की शिकायत पुलिस को की है। गाजियाबाद निवासी बहू पर आरोप है कि उसके कारण कैंसर पीडित ससुर विनोद को अपना घर छोड़ना पड़ा। बहू दो साल महिला रुचि शर्मा पहले अपने पति नितिन, ससुर, पति की बहन और उसके पति पर प्रताड़ना और रेप का केस दर्ज करा चुकी है। पुलिस जांच में बाद में पति को छोड़कर सभी के नाम हटा दिए गए थ। बहू रुचि शर्मा गाजियाबाद से फिर इंदौर आई है घर व संपत्ति पर अपना हक जताते हुए रहने लगी। इस कारण ससुर को घर छोड़ना पड़ा और पुलिस अफसरों को शिकायत की। पति नितिन की मां का कहना है कि बहू रुचि लगातार सोशल मीडिया पर वीडियो डाल कर परिवार को बदनाम कर रही है। पुलिस को की गई शिकायत में सास कनक लता ने बताया कि बेटे नितेश सिंघानिया की शादी दो साल पहले रुचि से हुई थी। दोनो शादी के बाद हनीमून पर यूरोप गए थे। वहां से लौटने के बाद बहू अपने मायके गई और शादी में चढ़ाए सारे गहने वहां छोड़कर आ गई।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अस्वस्थ...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय गुरुवार को अस्वस्थ हो गए। उन्हें इंदौर के एक हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। सुबह परिवार और कुछ खास नजदीकी लोगों के साथ वे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे। यहां प्राइमरी ऑब्जर्वेशन के बाद उन्हें एडमिट किया गया। इस दौरान उनकी कुछ जांचें हुईं। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत अच्छी है। मंत्री विजयवर्गीय गुरुवार इंदौर में ही थे। वे सुबह 9 बजे असहज महसूस हुए। इस दौरान मौसम भी बदला हुआ था। जब उन्हें ठीक महसूस नहीं हुआ, तो उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ रिपोर्ट तत्काल मिलने के बाद उन्हें एडमिट किया गया।



हालांकि इसकी जानकारी चुनिंदा लोगों को ही है और सभी से इसे सोशल मीडिया पर साझा न करने को कहा गया। हॉस्पिटल के राहुल पाराशर (जीएम) ने बताया कि उन्हें अधिक थकान हुई थी, इसलिए एडमिट किया गया। वे वार्ड में ही हैं और जल्द ही ठीक हो जाएंगे। अभी उन्हें आराम की सलाह दी गई है। नजदीकी लोगों के मुताबिक, पिछले चार-पांच दिनों से वे काफी व्यस्त रहे हैं, जिसके कारण उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिल पाया और थकान हुई।

# नगर अध्यक्ष के पोस्टर पर कालिख पोतने वाले ने माफी मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। नगर कार्यकारिणी की सूची जारी होने के बाद हुए विरोध के मामले में अब सुलह की कोशिशें शुरू हो गई हैं। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के पोस्टर पर कालिख पोतने वाले मिलाप मिश्रा ने बुधवार को एक वीडियो जारी कर अपने कृत्य के लिए माफी मांगी है। गौरतलब है कि मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर खाती समाज से जुड़े कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार हंगामा किया था। उन्होंने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के खिलाफ नारेबाजी की थी और उनका पुतला भी जलाया था। इसके बाद से ही सुमित मिश्रा स्थिति को नियंत्रित करने और डैमेज कंट्रोल में जुट गए थे। वीडियो में मिलाप मिश्रा ने कहा, “आदरणीय नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा जी, आप मेरे बड़े भाई समान हैं। कल मेरे द्वारा आवेश या अवसाद में आकर जो कृत्य किया गया, उसके लिए मैं आपसे और पूरी भाजपा से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।” वहीं, भाजपा सूत्रों के अनुसार, बुधवार को संगठन ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लिया था और संबंधित कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए थे। माना जा रहा है कि इस स्थिति को संभालने और विवाद खत्म करने के लिए ही अब मिलाप मिश्रा से सार्वजनिक माफी मंगाई गई है।

# बजरंग दल ने मुस्लिम युवक को पीटा

## हिंदू युवती के साथ किराए पर रह रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आजाद नगर में बुधवार रात बजरंग दल ने मुस्लिम युवक की पिटाई कर दी। इस दौरान युवक को बचाने पहुंचे पुलिसकर्मियों से भी उनकी झड़प हो गई। हालांकि रात में अधिकारी थाने पहुंचे, जहां बजरंग दल की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रवीण देअकर को सूचना मिली थी कि पवनपुरी इलाके में रहने वाला समीर खान एक हिंदू युवती के साथ यहां रह रहा है।

सूचना मिलने के बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता पवनपुरी के एक मकान पर पहुंचे। जब उन्होंने मकान मालिक से पूछताछ की तो उसने उन्हें घर के अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। जब पुलिस ने समीर को घर से बाहर निकाला, तो बजरंग दल के सदस्यों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह समीर को भीड़ से बचाकर थाने पहुंचाया। रात में बजरंग दल कार्यकर्ता समीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में हंगामा करते रहे। उसके साथ रहने वाली युवती ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने से इंकार कर दिया। अधिकारियों से चर्चा के बाद पुलिस ने समीर के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। बताया जाता है कि दोनों करीब एक साल से साथ रह रहे हैं और उनके परिवारों को भी इस संबंध की जानकारी है।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 106 | इंदौर, शुक्रवार 31 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'देश की एकता को कमजोर करने वाली बातों से दूर रहें'

● एकता दिवस कार्यक्रम में पीएम मोदी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरदार वल्लभभाई पटेल की आज 150वीं जयंती है। आज गुजरात स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस की तर्ज पर आयोजित हुआ, जिसमें सैन्य परेड, सांस्कृतिक परेड, राज्यों की झांकियां निकाली गईं। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 550 से ज्यादा रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था।'

**'कश्मीर पर कांग्रेस ने की गलती, जिससे देश दशकों तक जलता रहा'**- पीएम मोदी ने कहा कि 'सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही ओर कश्मीर का विलय हो, लेकिन, पंडित नेहरू ने उनकी वो इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, उसकी आग में देश दशकों तक जलता रहा।'

**'राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली बातों से दूर रहें'**- राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, 'सरदार पटेल अमर रहें, आज हम सब एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही एकता दौड़ कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह बढ़ा रही है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को साक्षात महसूस कर रहे हैं। हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है। हर देशवासी को उससे दूर रहना है। ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।'

## किसानों से लेकर सुरक्षा तक ड्रोन बन रहे मददगार

# सीएम बोले-हमने मिनटों में दुश्मन को घर में घुसकर मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी। राजधानी में गुरुवार को ड्रोन तकनीक कार्यशाला एवं एक्सपो-2025' का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन ने विज्ञान, कृषि, सुरक्षा और सर्वेक्षण के क्षेत्र में एक नई क्रांति ला दी है। उन्होंने बताया कि राज्य में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई नीति तैयार की गई है, ताकि तकनीकी नवाचारों को तेजी से अपनाया जा सके।**

### ड्रोन अब किसानों के लिए वरदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन अब किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। खेतों में कीटनाशक छिड़काव हो या फसल की निगरानी, दोनों ही कार्य अब आसान हो गए हैं। ड्रोन तकनीक का उपयोग रक्षा क्षेत्र में भी प्रभावी रूप से किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''टेक्नोलॉजी के दम पर हमने दिन नहीं, घंटे नहीं, बल्कि मिनटों में दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारा है। ड्रोन तकनीक अब सिर्फ रक्षा और कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि विवाह समारोहों से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं तक इसका विस्तार हो चुका है। सीएम ने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन तकनीक रोजमर्रा की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन जाएगी।



### राज्य में तकनीकी प्रगति की दिशा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में राज्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में राज्य को ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेनिंग का हब बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### तकनीकी शिक्षा और शोध को बढ़ावा

कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश भर से चार हजार से अधिक विद्यार्थियों ने ड्रोन प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया है। इससे युवाओं में ड्रोन संचालन, डिजाइनिंग और तकनीकी समझ बढ़ेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, अधोसंरचना विकास, सर्वेक्षण, पर्यावरण निगरानी और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण में ड्रोन की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

### मां नर्मदा को समर्पित विशेष पहल

एक्सपो के साथ ही मां नर्मदा को समर्पित एक अनोखी पहल की घोषणा भी की गई। इसके तहत ओंकारेश्वर में वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मगरमच्छों को नर्मदा नदी में छोड़ा जाएगा। अधिकारियों ने यह भी बताया कि अब राज्य में एंटी-ड्रोन तकनीक पर शोध चल रहा है, जिससे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा और मजबूत होगी। ड्रोन के जरिए महीनों का काम अब कुछ घंटों में पूरा किया जा सकता है।

### राज्य स्थापना दिवस पर ड्रोन शो का भव्य आयोजन

राज्य स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम के तहत दो हजार से अधिक ड्रोन आसमान में आकृतियां बनाएंगे। इनमें धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को दर्शाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# संपत्तिकर वेरिफिकेशन के लिए 15 दिन का समय

## मेयर बोले -टैक्स में किसी तरह की छूट नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। स्वच्छता में देश में नंबर वन इंदौर अब अपने विकास कामों को गति देने के लिए रेवेन्यू सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम ने संपत्ति वेरिफिकेशन अभियान शुरू किया है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने लोगों से अपील की है कि आगामी 15 दिनों में अपने संपत्ति खातों की विसंगतियों को दूर करें और आवश्यक अपडेट करवाएं।

महापौर ने बताया कि जो लोग नई संपत्तियों को जोड़ना चाहते हैं या पुराने खातों में सुधार करवाना चाहते हैं, वे दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित जोन ऑफिसों में संपर्क करें। 15



दिन के बाद निगम की टीम मौके पर जाकर संपत्तियों का वेरिफिकेशन करेगी। महापौर ने स्पष्ट कहा कि संपत्तिकर में किसी भी प्रकार की छूट देने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कानून के अनुसार संपत्ति कर की गणना तय तारीख से की जाती है। टैक्स में किसी तरह की छूट देने की शक्तियां राज्य सरकार के पास हैं और जिन्होंने टैक्स नहीं भरा है उन्हें छूट देना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर हित के सभी कामों और अभियानों में जनप्रतिनिधि पूरी तरह निगम के साथ हैं। चाहे अवैध होर्डिंग्स हटाना हो संपत्तिकर या जलकर की वसूली सभी पार्षद और विधायक शहर के विकास के पक्ष में हैं। महापौर ने कहा कि हमारी आपत्ति केवल इस बात की है कि जब कोई अभियान शुरू किया जाए तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। इससे बेहतर परिणाम मिलेंगे।

## आयुर्वेदिक सिरप 'कासामृत' भी जानलेवा?

# छिंदवाड़ा में इसे लेने के बाद बच्चे की मौत, साथ में दिया था रहस्यमयी 'पुड़िया'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**छिंदवाड़ा, एजेंसी**। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप ने एक बार फिर से कहर बरपाया है। सरकारी दावों के इतर एक व्यक्ति ने अपनी बच्ची के लिए मेडिकल स्टोर से दवा लिया। दवा लेने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। परिजनों के अनुसार बच्ची को आयुर्वेदिक कफ सिरप कासामृत दिया था। साथ में मेडिकल स्टोर वाले ने पुड़िया में दवा दी थी। साथ ही कहा था कि इससे बच्ची ठीक हो जाएगी।

घर आने के बाद परिजनों ने रुही को दवा दी। दवा देने के बाद उसकी तबीयत और बिगड़ने लगी। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता का कहना है कि पांच महीने की हमारी लाडली रुही अब इस दुनिया में नहीं रही। उसे सर्दी-खांसी हुई थी। हम इलाज की उम्मीद लिए मेडिकल स्टोर गए। लेकिन वहां से जो दवा मिली, उससे उसकी मौत हो गई।

## शराब पीकर हंगामा, दो डॉक्टरों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बागसेवनिया थाना पुलिस ने एम्स के इमरजेंसी गेट के बाहर शराब पीकर हंगामा करने वाले चार डॉक्टरों में से दो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा और गाली-गलौच की धाराओं में एफआईआर की है। आरोपित डॉक्टरों की पहचान डॉ. प्रकल्प गुप्ता और डॉ. साहिल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि दोनों डॉक्टरों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी, जबकि बाकी दो आरोपितों की पहचान की जा रही है। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब दो बजे की है। बागसेवनिया थाने की चार्ली टीम में तैनात आरक्षक अनिल मेवाड़ा और धर्मेंद्र नियमित गश्त पर थे। जब वे एम्स के इमरजेंसी गेट के पास पहुंचे तो एक कार संदिग्ध हालत में खड़ी मिली। कार में शराब की बोतलें रखी थीं और दो युवक खुलेआम शराब पी रहे थे। जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो दोनों ने खुद को एम्स का डॉक्टर बताते हुए अभद्रता शुरू कर दी। मामला बढ़ता देख आरक्षकों ने डायल-112 को सूचना दी। कांस्टेबल अजय गुर्जर मौके पर पहुंचे तो उनमें से एक डॉक्टर नशे की हालत में पुलिस से उलझ गया। वायरल वीडियो में वह यह कहते नजर आ रहा है—"मैं 2016 से यहां हूं, 10 थानों के अफसरों को जानता हूं, तुम्हारी वर्दी एक मिनट में उतरवा दूंगा।"

## चलती गाड़ियों पर क्रेन गिरी, 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** जिले के पीथमपुर में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर पिलर चढ़ा रही क्रेन पलट गई और सर्विस रोड से गुजर रहे दो पिकअप वाहनों पर गिर गई। दोनों वाहन चकनाचूर हो गए। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 4 लोग घायल हैं। हादसा गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे सागौर इलाके में हुआ। दोपहर करीब 2:30 बजे परमार समाज के लोगों ने महू नीमच राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। जिससे करीब 8 किमी तक वाहनों की कतार लगी रही। मृतक कल्याण के परिजन मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर सतनाला चौराहे पर शव रखकर प्रदर्शन कर रहे थे।

## नाबालिग को पार्न देखने वालों पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नौ अलग-अलग थानों में 9 मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ नाबालिग के पोर्न देखने फारवर्ड करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई हैं। दिल्ली से स्टेट साइबर पुलिस को इन सभी के खिलाफ इनपुट मिले थे। स्टेट साइबर ने भोपाल जिले में अपने मोबाइल में बच्चों की पोर्न वीडियो देखने और रखने वालों की सूची दी। क्राइम ब्रांच के प्रतिवेदन के आधार पर मोबाइल धारकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भोपाल में इस तरह की कार्रवाई पहली बार की गई है। अब थाना पुलिस मोबाइल धारकों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब कर रही है। फिलहाल मोबाइल धारकों के खिलाफ आईटी एक्ट और पॉक्सो की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई हैं। जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा है।

## पारस जैन बोले- अब कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के उत्तर विधानसभा से 6 बार के विधायक और पूर्व मंत्री रहे पारस जैन ने अब कोई चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा- अब न चुनाव लड़ने लायक समय बचा है, न वैसे लोग। साथ ही पार्टी नेतृत्व को नसीहत दी कि वरिष्ठ और जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना चाहिए। वरिष्ठ नेता जैन साल 1990 से 2018 तक 6 बार बीजेपी के टिकट से चुनाव लड़कर विधायक और कई विभागों के मंत्री रह चुके हैं।

### 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से जारी की 303 करोड़ की राशि

# बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सरकार के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए पहले मां सरस्वती को प्रसन्न करना पड़ता है, अर्थात् विद्यार्थियों के लिए मन लगाकर पढ़ाई में मेहनत करना जरूरी है।**



बच्चे खूब पढ़ें, आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर समय विद्यार्थियों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों को त्वरित रूप से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सुखद परिणाम है कि प्रदेश में सामान्यतः छात्रवृत्ति अप्रैल के महीने में सत्र खत्म होने पर मिलती थी, वह अब अक्टूबर माह में ही विद्यार्थियों के खातों में जारी की जा रही है। पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, ड्रेस और साइकिल आदि भी समय पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से जारी की जा रही है। आज देव दीपावली से पहले विद्यार्थियों की दीपावली मन रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव समेकित छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राशि अंतरण के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि जारी की। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा मंत्रीगण का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था में नई पहल की जा रही है। प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। देश में सबसे अच्छे शासकीय विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। गत माह ही राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 8 लाख 50 हजार विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति की गई। प्रदेश के निजी विद्यालयों में 20 प्रतिशत सीटों पर जरूरतमंद परिवार के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। प्रदेश में 369 सांदीपनि विद्यालय, 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज तैयार हो रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 6 और 9वीं के 4 किमी दूर रहने वाले 1 करोड़ विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की हैं। बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 5 लाख विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए गए हैं। विद्यार्थियों को नीट, क्लेट, जेईई सहित सभी प्रकार की कोचिंग भी निःशुल्क प्रदान करने के लिए योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर, वकील बनने के साथ उद्यमी बन लोगों को रोजगार देने वाला बनने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होना चाहिए।

## महिला बोली... डर गई थी निर्भया जैसा हाल न कर दे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** बस स्टैंड पर खाली बस में 27 वर्षीय महिला से दुष्कर्म करने वाले कंडक्टर विष्णु ओझा को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने कबूल किया है कि जिस तरह से बस में महिला मुस्कुराकर देख रही थी और एक दूसरे से बातचीत के बाद मोबाइल नंबर लिए तो मन बना लिया था कि ग्वालियर पहुंचकर कुछ ऐसा करूंगा। पीड़िता का इलाज चल रहा है। उसके पेट में इन्फेक्शन हो गया था। महिला से जब पूछा गया कि उसने शोर क्यों नहीं मचाया तो उसने कहा कि वह डर गई थी। उसे दिल्ली का निर्भया कांड याद आ गया था। लगा ऐसा न हो कि आरोपी उसका निर्भया जैसा हाल कर दे। भिंड के फूफ इलाके की रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता की छह साल पहले शादी शिवपुरी निवासी एक युवक से हुई थी। दो साल का एक बेटा है। कुछ समय से पति उसे परेशान कर रहा था, जिस पर उसने शिवपुरी देहात थाना में शिकायत की थी। फिलहाल भिंड कोर्ट में पति से भरण पोषण का केस चल रहा है। पति कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उसका पता लगाने के लिए वह 27 अक्टूबर को भिंड से शिवपुरी देहात के लिए निकली थी।

## बेटी के तलाक के कागज देख पिता को आया हार्ट अटैक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** जिले के भोजपुर गांव में अपनी बेटी का घर उजड़ने की खबर मिलने से पिता को सदमे में हार्ट अटैक आ गया और अस्पताल में इलाज के दौरान सांसें थम गईं। सलीम खां पिता पीर खां की मौत हार्ट अटैक से हुई है। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले ही बेटी के तलाकनामा की डाक पिता को मिली थी जिसे पढ़ने के बाद उन्हें हार्ट अटैक आया। परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों ने बताया कि सलीम खां की बेटी शाइन मंसूरी की शादी राजस्थान के छीपाबड़ौद के रहने वाले सद्दाम मंसूरी से 11 फरवरी 2021 को हुई थी। शादी के दो साल बाद पति का व्यवहार बदलने लगा और पत्नी को टॉर्चर करने लगा। पति दहेज की मांग कर रहा था नहीं देने पर हाल में सद्दाम ने पत्नि को अपने घर से भी निकाल दिया था। शाइन अपने दो साल के बेटे को लेकर अपने घर मायके भोजपुर आ गई थी। सद्दाम को उसके ससुर ने बहुत समझाया लेकिन वो नहीं माना और तलाक दे दिया। बेटी के तलाकनामे की खबर सुनकर पिता को हार्ट अटैक आ गया। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सलीम अपने परिवार का एक ही सहारा थे। उनके पांच छोटे बच्चे हैं, पत्नि सहित बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है।

# संभाग और जिलों की सीमाओं में बड़े फेरबदल की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के प्रशासनिक और भौगोलिक नक्शे में दिसंबर 2025 से पहले एक बड़ा ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग प्रदेश में तीन नए जिले (पिपरिया, बीना और सीहोरा बनने की प्रबल संभावना) और निमाड़ को 11वां संभाग बनाने की तैयारी में है। इस व्यापक पुनर्गठन का सीधा असर 25 से अधिक जिलों की सीमाओं पर पड़ेगा, जिसके लिए आयोग तेजी से मैदानी कार्य पूरा कर रहा है।



राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग दिसंबर 2025 तक पिपरिया, बीना, और सीहोरा को नया जिला और निमाड़ को 11वां संभाग बनाने की तैयारी में है। यह पुनर्गठन, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना और वर्षों पुरानी स्थानीय मांगों को पूरा करना है। भोपाल में तहसीलों की संख्या बढ़ाएगा और मैहर-रीवा में सीमा विवाद पैदा कर सकता है। प्रदेश में निकट भविष्य में सबसे बड़ा बदलाव इंदौर संभाग में देखने को मिल सकता है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार इंदौर संभाग से चार जिलों जिनमें खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर और खंडवा को अलग कर 'निमाड़' को नया संभाग बनाने की तैयारी चल रही है। बता दें कि सीएम मोहन यादव की पहली समीक्षा बैठक में इस पर विचार किया गया था, जिसका उद्देश्य इन जिलों की राजस्व निगरानी बेहतर करना और संभागीय मुख्यालय से दूरी कम करना है। पिपरिया को जिला बनाने के लिए काफी लंबे समय से मांग की जा रही है। अभी नर्मदापुरम जिले में शामिल पिपरिया जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर पड़ती है। भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी इलाका होने के कारण यहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर जिले की बीना तहसील को नया जिला बनाने की मांग बीते करीब 40 सालों से उठाई जा रही है। बीना में इसको लेकर जब-तब धरना-प्रदर्शन होते रहे हैं। इसमें सामान्य नागरिक, समाजसेवी, राजनीतिक दल शामिल रहे हैं। एमपी में नए जिलों के पुनर्गठन की सुगबुगाहट के बीच फिर यह मांग जोर पकड़ने लगी है। बीना की सागर मुख्यालय से दूरी करीब 80 किलोमीटर है। इस कारण प्रशासनिक कार्यों में विलंब होता है। यदि बीना नया जिला बनता है तो इसमें खुरई, मालथौन, बांदरी, कुरवाई जैसे क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं. बता दें कि बीना से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचने वाली विधायक निर्मला सप्रे लोकसभा चुनाव के समय से भाजपा का दामन थाम चुकी हैं। कांग्रेस से इस्तीफा दिए बगैर वे भाजपा संगठन से लेकर सत्ता के कार्यक्रमों में भागीदारी निभा रही हैं। सूत्र बताते हैं कि वे बीना को जिला बनाने की मांग को लेकर ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं थीं। जबलपुर जिले में आने वाली सिहोर तहसील को जबलपुर से अलग करके नया जिला बनाने की मांग 22 साल से की जा रही है। इसको लेकर स्थानीय स्तर से लेकर संभाग

## संपादकीय

# देशभर में नई बस बॉडी पॉलिसी लागू... लेकिन नियम तोड़ने वालों का क्या?

बसों में लगती आग और लोकल बस बॉडी बिल्डरों द्वारा बस बनाने में घटिया मैटेरियल का इस्तेमाल करते देख केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर में एक सितंबर से नई बस बॉडी पॉलिसी लागू कर दी। लेकिन इसके बावजूद लोकल स्तर पर बस बॉडी बनाने वालों पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया। इसका ताजा उदाहरण जैसलमेर में 14 अक्टूबर को एसी स्लीपर बस में आग लगने से हुई 26 यात्रियों की दर्दनाक मौत है। जिसकी अभी तक की जांच में खुलासा हुआ है कि यह बस नई पॉलिसी बनने के बाद बनकर सड़क पर उतरी थी। इसके बावजूद इसके इमरजेंसी गेट, आग बुझाने के उपकरण और यात्री सुरक्षा के मामले में कई स्तर पर कमियां पाईं गईं। ऐसे में सवाल यही है कि नई पॉलिसी तो बना दी, लेकिन नियम तोड़ने वालों का क्या? इस पर ट्रांसपोर्ट एक्सपर्ट दिल्ली ट्रांसपोर्ट विभाग के पूर्व डिप्टी कमिश्नर और रोड सेफ्टी विशेषज्ञ अनिल छिकारा का कहना है कि सीधे तौर पर नियमों को सख्ती से लागू करने की कमी है। भारत सरकार ने नियम बना दिए, लेकिन राज्य सरकारों के संबंधित विभाग उसे सख्ती से लागू नहीं कर पाते। अगर जांच की जाए तो मुश्किल से पांच फीसदी बसों में फायर अलार्म और आग बुझाने के अन्य उपकरण सही मिलेंगे। इसके लिए एनफोर्समेंट सख्त होना चाहिए। बस मालिक के खिलाफ तो एक्शन हो ही, साथ ही उस लोकल बस बॉडी बिल्डर के खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जिसने नियमों को ताक पर रखते हुए लालच में बस बनाने में सुरक्षा नियमों को ताक पर रखा। साथ ही सरकार को इंटरसिटी परमिट कंडीशन लागू करनी चाहिए। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर का कहना है कि बसों की हर तीन या छह महीने में रूटीन जांच तो होनी ही चाहिए। साथ ही इनका औचक निरीक्षण भी होना चाहिए। जो भी बस वाला नियम तोडता है। पहली बार में उसके उपर हैवी पेनल्टी और दूसरी बार नियम तोड़ने पर बस जब्त कर ली जाए। गाड़ियों में जो माल भरता है। उसके उपर भी यही सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही अगर ऑडिट में कोई बस सब-स्टैंडर्ड पाई जाती है तो उसे ताउम्र सड़कों पर उतरने पर रोक लगा देनी चाहिए। बस ड्राइवर का भी लाइसेंस जब्त होना चाहिए। क्योंकि, जब बस ड्राइवर का लाइसेंस ही जब्त हो जाएगा तो फिर वह मालिक के कहने पर भी गलती नहीं करेगा। सूत्रों का कहना है कि इस गंभीर मामले में केंद्र सरकार की तरफ से देश के हर राज्य को पत्र लिखकर बसों के मामले में जांच और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए भी कहना चाहिए। जैसलमेर मामले में तो संबंधित आरटीओ के उपर एक्शन होना चाहिए। नई बस बॉडी कोड के बारे में मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि देशभर में यह न्यू बस बॉडी कोड पिछले महीने एक सितंबर से लागू हो चुका है। इसकी जानकारी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत देशभर में बस की चेसिस पर बॉडी बनाने वाले लोकल बस मेकर जिन्हें ट्रांसपोर्ट की भाषा में बस बॉडी बिल्डर कहा जाता है। इन्हें भी दे दी गई है। इसमें बताया गया है कि लोकल बस बॉडी बनाने वालों को भी वोल्वो, अशोक लीलैंड और टाटा जैसी ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (OEM) कंपनियों की तरह सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस बॉडी बनानी होंगी। अधिकारी ने बताया कि नई पॉलिसी में स्लीपर और चेयरकार बसों से लेकर हर तरह की बसों के लिए कायदे-कानून बनाए गए हैं। इसमें वेनिटी और इसी तरह की निजी स्तर पर इस्तेमाल की जाने वाली बसों को शामिल नहीं किया गया है।नई पॉलिसी के तहत बस की लंबाई और ऊंचाई के मुताबिक नियम लिखे गए हैं। इसमें यात्रियों की सुरक्षा के लिए इमरजेंसी गेट, आग लगने की स्थिति में आग बुझाने के लिए पूरी तरह से भरे हुए सिलेंडर, पैसेंजर साइड में हर शीशे के पास इमरजेंसी में बस से निकलने के लिए शीशा तोड़ने के लिए हथौड़ा, आग बुझाने के लिए जरूरत के मुताबिक अंदर पानी की लाइन, स्मोक डिटेक्टर, 360 डिग्री कवरेज करने वाले बेहतरीन सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस कनेक्ट और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम समेत 150 से अधिक सेफ्टी फीचर इस्तेमाल करने होंगे।

## OSHO कहिन

"खुशी तब आती है जब आप दूसरों को बदलने की कोशिश छोड़ देते हैं।"



## महिला जगत

# सुंदरी कमला से गूंजा गोलपारा, ब्रह्मपुत्र की बेटी प्रतिमा बरुआ पांडे की अमर आवाज

अगर कोई नदी अपनी कहानी खुद गा सके तो वो कैसी लगेगी? शायद वैसी ही, जैसी असम के गोलपारा से उठी थी मृदुल स्वर, मिट्टी की महक और जीवन की लय से भरी। जब इंडियाज गॉट टैलेंट के मंच पर लोकगायक ने 'सुंदरी कमला' गाया, तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। दर्शक खड़े हो गए- यह सिर्फ़ एक प्रस्तुति नहीं थी, यह था ब्रह्मपुत्र की आत्मा का संगीत, जो वर्षों बाद फिर गूंजा प्रतिमा बरुआ पांडे के नाम से।



### ● राजघराने की बेटी, जिसने चुना लोक की राह

गोलपारा के गौरिपुर राजघराने में जन्मी प्रतिमा बरुआ पांडे एक ऐसी राजकुमारी थीं, जिन्होंने महलों के वैभव को छोड़ लोक की माटी को अपना लिया। उनके भीतर संगीत का संस्कार बचपन से था, लेकिन उन्हें सिखाने वाले कोई गुरु नहीं, बल्कि उनके अपने लोग थे, नाविक, चरवाहे, खेतिहर, हाथियों के महावत। वे जब गाते, तो प्रतिमा ध्यान से सुनतीं। उनकी आवाज में न राग की जटिलता थी, न ताल का बंधन, पर भावनाओं की गहराई थी। यही गहराई बाद में 'गोलपारी लोकगीत' के रूप में भारत की आत्मा बन गई।

### ● ब्रह्मपुत्र की लहरों में गूंजते गीत

गोलपारा असम का वह इलाका है जहाँ लोकगीत जीवन का हिस्सा हैं। यहां हर मौसम, हर त्योहार, हर दुःख और हर प्रेम का अपना गीत है। प्रतिमा बरुआ पांडे ने इन्हीं गीतों को सहेजा, गाया और नई पहचान दी। उनके प्रसिद्ध गीत 'ओ मोर महौत बंधु रे', 'हस्थिर कन्या' और 'कोमला सुंदरी नाचे' ने कोच राजबंशी समुदाय की संस्कृति को आवाज़ दी। ये गीत सिर्फ सुर नहीं थे, बल्कि उन लोगों की कहानी थे जिनकी जिंदगी ब्रह्मपुत्र के किनारों पर बहती थी।

### ● भूपेन हजारिका से मुलाकात और लोक का उदय

प्रतिमा बरुआ पांडे की मुलाकात डॉ. भूपेन हजारिका से हुई। वही संगीतकार जिन्होंने असम को भारत की आत्मा में गाया। भूपेन दा ने प्रतिमा की आवाज़ में असम की माटी की सच्चाई देखी और उन्हें फिल्म 'एरा भोयर ओई अरोने' के लिए गाने का मौका दिया। प्रतिमा ने असमी, बांग्ला और राजबंशी बोली के संगम से जो गीत गाए, वो सीमाओं के पार गूंजे। उनका संगीत याद दिलाता है कि लोकसंगीत कोई पिछली पीढ़ी की चीज़ नहीं, बल्कि वह आत्मा है जो आज भी जीवित है।

### ● महिला दृष्टि से लोकसंगीत की पुनर्कथा

प्रतिमा बरुआ पांडे केवल एक गायिका नहीं थीं, वे उस समय की आवाज़ थीं जब महिलाओं का मंच तक पहुँचना कठिन था। उन्होंने दिखाया कि एक महिला की संवेदना लोकसंगीत को और गहराई दे सकती है। उनके गीतों में प्रेम था, पीड़ा थी, पर सबसे बढ़कर आत्मविश्वास था। वे कहती थीं, "मेरे गीतों में मेरा असम है, मेरा जीवन है।" उनकी इस सोच ने आने वाली पीढ़ियों की महिला गायिकाओं को मंच पर अपनी जगह पाने की हिम्मत दी।

### ● इंडियाज गॉट टैलेंट पर 'सुंदरी कमला' का जादू

आज जब India's Got Talent जैसे मंच पर 'सुंदरी कमला' गूंजता है और जज खड़े होकर सम्मान में ताली बजाते हैं, तो वह केवल एक लोकगीत की पुनरावृत्ति नहीं होती। वह एक विरासत की पुनर्जन्म कथा होती है। यह प्रतिमा बरुआ पांडे की आत्मा का सम्मान है जिन्होंने दिखाया कि असम की मिट्टी में भी उतनी ही ताकत है जितनी किसी बड़े शहर के मंच में। यह उस परंपरा का पुनर्जागरण है जहाँ लोक और आधुनिकता का संगम किसी सांस्कृतिक पुल की तरह जुड़ता है।

### ● पद्मश्री और अमर पहचान


प्रतिमा बरुआ पांडे को भारत सरकार ने पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। पर उनका सबसे बड़ा सम्मान वो है कि आज भी गोलपारा के गाँवों में जब कोई 'ओ मोर महौत बंधु रे' गाता है, तो पीढ़ियों के बीच एक पुल बनता है। वह दिखाती हैं कि जब कोई कलाकार अपनी मिट्टी से जुड़ा रहता है, तो उसकी आवाज कालजयी हो जाती है।

प्रतिमा बरुआ पांडे की कहानी हमें सिखाती है कि संगीत सिर्फ़ मनोरंजन नहीं, संस्कृति की सांस है। 'सुंदरी कमला' जब गाई जाती है, तो उसमें एक महिला की हिम्मत, एक लोक की अस्मिता और एक नदी की लय बहती है। आज अगर वह गीत फिर से देशभर में गूंज रहा है, तो यह प्रमाण है कि लोक कभी मरता नहीं। वह बस अपने समय का इंतज़ार करता है, और फिर लौट आता है, एक नई धुन बनकर।

New Delhi

# मोंथा का असर: यूपी-बिहार में बारिश, एमपी में तापमान गिरा
## आंध्र-तेलंगाना और ओडिशा में जानमाल का नुकसान

**लखनऊ/पटना/भोपाल/हैदराबाद/जयपुर, (एजेंसी)** चक्रवात मोंथा लगातार कमजोर हो रहा है, लेकिन इसका असर कई राज्यों में देखा जा रहा है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में चक्रवात से काफी नुकसान हुआ है। आंध्र प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो गई, 42 मवेशी मारे गए और करीब 1.5 लाख एकड़ में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। तेलंगाना के कई हिस्सों में तेज बारिश जारी है। सूर्यापेट में पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत हो गई। खम्मम जिले में एक ट्रक ड्राइवर के बह जाने की भी खबर है। चक्रवात मोंथा का असर उत्तर भारत के राज्यों पर दिखा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर



प्रदेश और बिहार में भी बारिश जारी है। बृहस्पतिवार को यूपी के अयोध्या, लखनऊ-कानपुर समेत 15 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हुई। काशी में बारिश से जलभराव हो गया। मध्य प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। राजस्थान के जयपुर, अलवर, करौली सहित कई जिलों में बृहस्पतिवार सुबह तेज बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। उधर, नेपाल में चक्रवात 'मोन्था' के असर से लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है। नेपाली मौसम विभाग ने 26 जिलों में बाढ़ और भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है। कोशी, मधेश और बागमती प्रांतों की नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ने की आशंका जताई गई है।

Maharashtra

# नवनीत राणा को गैंगरेप-जान से मारने की धमकी



**मुंबई, (एजेंसी) पूर्व सांसद और बीजेपी नेता नवनीत राणा को एक बार फिर जान से मारने व गैंगरेप की धमकी मिली है। यह धमकी स्पीड पोस्ट के जरिए उनके अमरावती स्थित दफ्तर में भेजी गई।**

जानकारी के मुताबिक पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम लिया गया है और बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है और अमरावती क्राइम ब्रांच की टीम तुरंत राणा के घर पहुंची। जांच में सामने आया है कि यह धमकी भरा पत्र हैदराबाद से भेजा गया है। इसे जावेद नाम के व्यक्ति के नाम से दर्ज किया गया है। नवनीत राणा के पीए मंगेश कोकाटे ने राजापेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस पत्र के पीछे असली व्यक्ति कौन है और इसका उद्देश्य क्या था। पत्र में आरोपी ने न केवल नवनीत राणा को धमकाया, बल्कि उनके बच्चे के सामने रेप करने जैसी बातें लिखीं। इसके अलावा गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी गई। इससे पहले भी नवनीत राणा को कई बार धमकी भरे फोन और संदेश मिल चुके हैं। पुलिस की टीमें अब हैदराबाद से भेजी गई डाक के सबूत खंगाल रही हैं। अमरावती और हैदराबाद पुलिस मिलकर इस केस पर काम कर रही हैं।

Maharashtra

# 17 बच्चों को बंधक बनाने वाले का एनकाउंटर

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई के पवई इलाके में 17 बच्चों समेत 19 लोगों को बंधक बनाने वाले की मुठभेड़ में मौत हो गई है। रोहित आर्य नाम के शख्स ने घायल होने के बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया था। पुलिस का कहना है कि आर्य ने एक वीडियो बनाया था, जिसमें वह कुछ लोगों से बात करने की इच्छा जता रहा था। साथ ही उसने धमकी भी दी थी कि अगर उसकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वह सब कुछ आग के हवाले कर देगा और बच्चों को भी नुकसान पहुंचाएगा। आखिर कौन था रोहित आर्य और उसकी मांगें क्या थीं? महाराष्ट्र के ही पुणे का रहने वाला आर्य मुंबई स्थित आरए स्टूडियो में एक कर्मचारी था। वह यूट्यूब चैनल भी चलाता था। वह बीते कुछ दिनों से कथित तौर पर ऑडिशन संचालित कर रहा था, जिसमें कई लोग शामिल हो रहे थे। खास बात है कि उसे शिक्षा विभाग से जुड़ा एक टेंडर भी मिला था और उस समय शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर थे। आर्य का दावा था कि उसे प्रोजेक्ट के लिए भुगतान नहीं किया गया था। साथ ही 2023 में उसने स्वच्छता मॉनिटर कॉन्सेप्ट की शुरुआत भी की थी।

New Delhi

# पटाखे फोड़ना-लाउडस्पीकर बजाना किसी धर्म में नहीं लिखा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कोई भी धर्म पर्यावरण को बर्बाद करने, जीव-जंतुओं को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देता। पटाखे फोड़ना और लाउडस्पीकर बजाना अनिवार्य धार्मिक प्रथाएं नहीं हैं। दुर्भाग्य की बात है कि किसी भी राजनेता ने जनता से त्योहार मनाते समय प्रदूषण न फैलाने और पर्यावरण को नष्ट न करने की अपील नहीं की। ऐसा लगता है कि राजनीतिक वर्ग इस कर्तव्य को नहीं जानता या इसे लेकर सजग नहीं है। कुछ अपवाद छोड़ दिए जाएं तो यही बात हमारे धर्मगुरुओं के बारे में भी सच है।



यह बात सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज, जस्टिस अभय एस ओक ने 29 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की लेक्चर सीरीज के दौरान कही। वे 'क्लीन एयर, क्लाइमेट जस्टिस एंड वी टुगेदर फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर' विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। गौरतलब है कि जस्टिस अभय ओक और जस्टिस नरसिम्हा की बेंच ने ही 2023 में दिल्ली-NCR में पटाखों से वायु प्रदूषण के मामले पर सुनवाई की थी। उन्होंने दिल्ली समेत पूरे देश में पटाखों पर बैन को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया था।

खेल

# भारत ने रोका गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ
## खिताब से एक कदम दूर, अब द. अफ्रीका से सामना

**नवी मुंबई, (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर उसका विजय रथ रोक दिया है। भारत ने जेमिमा रॉड्रिग्ज और हरमनप्रीत कौर की शानदार साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने जैसे ही जीत का चौका लगाया मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज भावुक हो गईं और अपने आंसू नहीं रोक सकीं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने एलीस हीली की टीम का विजयी अभियान रोक दिया। भारत का अब रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था। भारतीय टीम तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टीम इससे पहले 2005 और 2017 में भी खिताबी मैच में पहुंची थी। भारत ने अब तक कभी विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीती है और अब उसके पास खिताबी सूखा समाप्त करने का अच्छा मौका है। भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया को रोकना आसान नहीं था, लेकिन जेमिमा और हरमनप्रीत ने इसे मुमकिन बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप चरण में भारत को मात दी थी, लेकिन भारत ने उसे सेमीफाइनल में हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना के रूप में शुरुआती झटके लगे। किम गार्थ ने शेफाली वर्मा को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। शेफाली पांच गेंदों पर दो चौकों की मदद से 10 रन बनाकर आउट हुईं। इसके



बाद गार्थ ने मंधाना को हीली के हाथों कैच कराया। अंपायर ने मंधाना को नॉटआउट दिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें दिखा कि गेंद का संपर्क मंधाना के बल्ले से हुआ है। मंधाना 24 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुईं।

कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रॉड्रिग्ज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप के सेमीफाइनल मैच में शानदार बल्लेबाजी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती झटकों के बाद भारत की पारी को संभाला। हरमनप्रीत और जेमिमा के बीच शतकीय साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने नया रिकॉर्ड बना डाला। हरमनप्रीत और जेमिमा के बीच महिला विश्व कप के नॉकआउट मैच में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी हुई। इन दोनों ने शानदार शॉट्स लगाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर परेशान किया।

सिनेमा

# भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक का आज है 35वां जन्मदिन, शेयर की हॉट तस्वीरें, फैंस ने लुटाया प्यार



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक का आज 35वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर नेहा ने अपने फैंस के लिए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर उन्हें खुश कर दिया है। वहीं फैंस ने भी नेहा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। नेहा ने आज इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्री-बर्थ डे सेलिब्रेशन की खास तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में नेहा बेहद खुबसूरत और हॉट नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में नेहा केक काटती नजर आ रही हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में वह विश मांगती नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में नेहा ब्लू ड्रेस में पोज देती बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। नेहा ने इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'हां, यह मेरा जन्मदिन है। और हां, हमने कल रात से ही जश्न मनाना शुरू कर दिया।' नेहा के फैंस ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरी जान', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो प्रिय', एक और फैन ने लिखा, 'यह एक अद्भुत जन्मदिन है', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, राजकुमारी बार्बी', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो खूबसूरत@nehamalik335जी.. अपने इस खास दिन का भरपूर आनंद लीजिए.. हमेशा खुश रहिए मैडम', एक और फैन ने लिखा, 'ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद भेज रहा हूं।




1. NCERT adds Ayurveda chapters to science syllabus for Classes 6-8
2. Minor runs over 3-yr-old in Guj, video shows her miraculous save
3. Sovereign Gold Bond investors to get 303% return on October 2017 issue
4. Should've named orders which hindered Viksit Bharat: Ex-SC judge on PM Modi's advisor
5. Pune man falls prey to fake job offering ₹25 lakh to impregnate woman, loses ₹11 lakh

# Some Reliance Jio users to get free Google Gemini Pro access for 18 months — how to claim

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Jio has partnered with Google to offer select 5G users free access to Gemini Pro for 18 months. The plan—priced at ₹35,100—will be available to eligible Jio subscribers aged 18-25 through the MyJio app. The tie-up marks a major move by Reliance Jio and Google to bring advanced AI tools to India's fast-growing 5G user base.

Reliance Jio Infocomm Ltd. has partnered with Google LLC to offer eligible Jio subscribers 18 months of free access to Google's premium AI service, Gemini Pro. The initiative is called 'Google AI Pro – Powered by Jio'.

Under the agreement, users of Jio's 5G Unlimited plans (prepaid or postpaid) who are 18-25 years old will be eligible to claim this free access. The 18-month window begins once the subscriber claims the benefit through the MyJio app via a "Claim Now" banner. The offer is contingent on the user remaining on an eligible Unlimited 5G plan.




The free bundle reportedly includes Gemini Pro's AI-powered chat capability, advanced video and image generation tools (such as Nano Banana), and 2 TB cloud storage across Google Drive, Gmail and Photos.

Jio Gemini Plan: Strategic Significance

For Reliance Jio, this deal extends its value-added services beyond connectivity into high-end AI experiences—a nod to the company's ambition to become not just a telecom provider but a digital ecosystem player. The tie-up builds upon Jio's earlier partnerships with Google Cloud and mirrors its "AI for All" thrust in which digital infrastructure meets next-gen applications.

For Google, the collaboration opens up access to India's massive subscriber base through an established operator. By bundling Gemini Pro free for a defined term, Google can accelerate adoption of its AI stack, deepen user engagement and potentially convert these users into paid subscribers post-promotion.

From a broader market vantage, this move underscores how telecom carriers are increasingly integrating AI services into their offerings—transforming 5G connectivity from "just speed" to "intelligence at your fingertips".

# Lenskart IPO: GMP to IPO price and valuation, 10 key details to know before subscribing

**NEW DEIHI, (Agency).** Lenskart Solutions Ltd. is set to launch its IPO today amid an online debate over its valuation that's reflecting poorly in its grey market premium (GMP). Also in focus is co-founder Peyush Bansal, and his net worth after the IPO. On offer in the Lenskart IPO are 18.10 crore shares—5.35 crore new and 12.75 crore via offer for sale—in a price range of ₹382-402 apiece to raise as much as ₹7,278 crore, according to the company's red-herring prospectus. That pegs the company's valuation at nearly ₹70,000 crore. The lot size is set at 37



shares or multiples thereof, which translates to a minimum investment of ₹14,874 for retail investors. The Lenskart IPO "is valued at FY25 EV/Sales and EV/EBITDA multiples of 10.1X and 68.7X, respectively, based on post-issue capital," SBI Securities said in a note ahead of the IPO that opens today. "Lenskart valuations seems to be stretched and hence listing gains is likely to be muted." Against that backdrop, here are 10 key details investors should know — from grey market premium to valuation metrics — before they put their money in the Lenskart IPO that opens today:

1. Lenskart IPO price band: Lenskart has set its IPO price band at ₹382-402 per share. At the upper end, the total issue size is pegged at ₹7,278.02, making it among the largest consumer technology listings of 2025.

# कलेक्ट्रेट पर छात्रों ने दिया धरना, की नारेबाजी

## पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर चौराहा स्थित गंजी कंपाउंड पर गुरुवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2025 में संभावित गड़बड़ी के विरोध में धरना दिया। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा केंद्रों की जानकारी 28 अक्टूबर से ही प्रदर्शित हो गई, जबकि परीक्षा दिसंबर में प्रस्तावित है। इससे असामाजिक तत्वों को परीक्षा केंद्रों से साठगांठ करने का मौका मिल सकता है।**



अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि परीक्षा केंद्रों की जानकारी समय से पहले प्रदर्शित करने की इस चूक की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। छात्रों ने यह भी कहा कि सभी अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र दोबारा आवंटित किए जाएं और विवादों में घिरी एपटेक कंपनी को हटाकर किसी प्रतिष्ठित एजेंसी से परीक्षा करवाई जाए। ज्ञापन में छात्रों ने लिखा है कि सुरक्षा कारणों से परीक्षा केंद्रों की जानकारी परीक्षा तिथि से दो दिन पहले दी जानी चाहिए, लेकिन इस बार यह जानकारी पहले ही सार्वजनिक हो गई, जिससे परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

## चाइल्ड पोनोग्राफी मामला, 2 गिरफ्तार

### मोबाइल में बच्चों के अश्लील वीडियो मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सायबर सेल ने दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी चाइल्ड पोनोग्राफी मामले से जुड़े हैं। उनके मोबाइल में नाबालिग बच्चों की अश्लील हरकत करते हुए वीडियो थी मिला है। इस मामले में पूर्व में राज्य सायबर सेल ने प्रकरण दर्ज किया था। मामले में जांच के बाद पता चला है कि दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है और आरोपियों के मोबाइल से नाबालिग बच्चों के वीडियो भी मिले हैं। टीआई दिनेश वर्मा की टीम ने लक्ष्मीकांत पुत्र अरूण बागड़ी निवासी आगरा, गढ़बेटा पश्चिम मदीनापुर और प्रदीप पुत्र मधई बागड़ी निवासी आगरा गढ़बेटा को गिरफ्तार किया है। नाबालिग बच्चों के साथ अश्लील हरकत करने संबंधी कई वीडियो एक मोबाइल पर मिले थे। पोर्टल के माध्यम से उक्त मोबाइल आईडी व ईमेल के माध्यम से चाइल्ड पोर्नोग्राफी के अपलोड किए गए थे। जिसमें 15 विडियो रिकवर हुए। मोबाइल नंबरों की लोकेशन पश्चिम मेदिनीपुरा आई थी। वर्तमान में दोनों की लोकेशन सांदलपुर तह खातेगांव जिला देवास आई थी। जब सायबर पुलिस ने इन नंबरों पर आगे जानकारी निकाली तो पता चला कि देवास में स्थित एक प्रतिष्ठित एनजीओ जिसमें छोटे ट्राइबल एवं गरीब बालक-बालिकाओं को निःशुल्क पढ़ाया जाता तथा वहीं होस्टल में निःशुल्क रखा जाता है। उसमें दोनों हाउस ब्रदर का काम करते हैं। इस मामले में आरोपी लक्ष्मीकांत बागड़ी से पूछताछ की तो उसने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के विडियो व्हाट्सएप ग्रुप तथा टेलीग्राम से अपलोड करने की बात कही। उसने बताया कि उसके साथी प्रदीप ने भी अपने मोबाइल में इस तरह के वीडियो अपलोड किए थे।

## चेन लूटेरों को पकड़ा, भागने में टूटे हाथ-पैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एरोड्रम पुलिस ने चेन लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भागने के दौरान उनके हाथ-पैर टूट गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तोले की सोने की चेन बरामद की है। आरोपियों से रिमांड लेकर आगे पूछताछ की जाएगी। टीआई तरुण भाटी के मुताबिक, 27 अक्टूबर की शाम कलानी नगर सब्जी मंडी में अर्चना निवासी लक्ष्मी नगर की सोने की चेन बाइक सवार दो बदमाशों ने लूट ली थी। इस मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले थे। फुटेज और बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम बनाई। बुधवार रात पुलिस ने इस मामले में शुभम उर्फ चपटा, जितेन्द्र वर्मा निवासी साईं सुमन नगर, साहिल पुत्र मोहन मस्कुरिया और उनके साथी नितीन पुत्र संतोष केल्दा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई सोने की चेन बरामद की है। एरोड्रम पुलिस की टीम पकड़े गए आरोपियों से तीन दिन पहले कनाडिया में हुई मंगलसूत्र लूट के मामले में भी पूछताछ करेगी। वहां भी आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज टीम को मिले थे, लेकिन जिस बाइक से बदमाशों ने वारदात की थी, उस पर नंबर नहीं थे। इसी कारण बदमाशों की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक